Reg No...............................

Name ....

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION

SAMPLE QUESTIONS MARCH 2023

Part II

HINDI

Maximum: 80 Scores

Time: 2 1/2 Hours

Cool -off Time: 15 Minutes

सामान्य निर्देश
प्रश्न वाचन और चिंतन केलिए 15 मिनट का समय है।
उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नो के उत्तर लिखे।

सूचना: 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें। (5x1=5)

1 मातृभूमि का परिधान क्या है ?

(रत्नाकर, नीलांबर, पयोद)

2 सूरीनाम में पहला दिन' किस विधा की रचना है ?

(लघुकथा, कविता, सफरनामा)

3 ज़मीन एक स्लेट का नाम है ' इसका लेखक कौन है ?

(एकांत श्रीवास्तव, हिमांशु जोशी, प्रेमचंद)

4 सपना देखने वाली मज़दूरिन कहाँ रहती है ?

(मंदिर में, महल में, झोंपड़ी में)

5 इष्टदेव का इष्टनैवेद्य क्या है ?

(चंपा का फूल , कुमद का फूल , गुलाब का फूल)

सूचना— निम्न लिखित कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कुली! पुकारते ही
कोई मेरे अंदर चौंका| एक आदमी
आकर खड़ा हो गया, मेरे पास।
सामान सिर पर लादे
मेरे स्वाभिमान से दस कदम आगे
बढ़ने लगा वह
जो कितनी ही यात्राओं में
ढो चुका था मेरा सामान

6 यह किस कविता का अंश है? (1)

(मातृभूमि, आदमी का चेहरा, सपने का भी हक नहीं)

7 कुली पुकारते समय कौन कवि के पास आकर खड़ा हो गया? (2)

8 कवितांश की आसवादन टिप्पणी लिखें। (6)

सूचना: 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें **(2x2=4)**

9 राजवंती माँ ने कुमार से क्या प्रण लिया था?

10 कवि ने मातृभूमि का वर्णन किस प्रकार किया है?

11 पारामारिबो शहर लेखक को भारतीय शहर जैसा लग रहा है, क्यों?

12 पिता के सामने दो बिदाइयाँ हैं। कौन-कौन सी बिदाइयाँ ?

13 हाय! मुरझा रहे

दो सुरम्य सुकोमल रूप

दो सुरम्य सुकोमल रूप कौन-कौन से हैं?

सूचना: 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **(3x4=12)**

14 ये दोस्ती

हम नही तोड़ेंगे।

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ ना छोड़ेंगे।।

दोस्ती पर टिप्पणी लिखें।

15 जीवन –वृत्त पढ़े और कुँवर नारायण के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

जीवन वृत्त

नाम	:	कुँवर नारायण
जन्म	:	सन 1927 को
जन्मस्थान	:	उत्तरप्रदेश के फैज़ाबाद
रचनाएँ	:	चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं
पुरस्कार	:	2005 में ज्ञानपीठ

16 हाइकू पढ़ें और आशय लिखे।

मान न मान

मैं तेरा मेहमान

बने बुढ़ापा।

17 बहादुरशाह ज़फर के खत का यह वाक्य पढ़ें।

दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।

उपर्युक्त वाक्य के आधार पर बहादुरशाह ज़फर के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

सूचना: 18 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गद्यांश पढ़कर लिखें।

हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आंख से आंसूमिट जाए। शायद यह हमारे लिए संभव ना हो पर जब तक लोगों की आंखों में आंसू है और वह पीड़ित है तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें।

18 हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या है? (1)

19 गद्यांश का संक्षेपण करें । (6)

20 उचित शीर्षक लिखिए। (1)

सूचना: 21 से 24 तक के किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। (3x6=18)

21 संकेतों के अनुसार स्कूटरवाले और लेखिका के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

- स्कूटरवाले की कहानी
- पितृविहीन बालक
- गरीब माँ
- माँ का उपदेश
- मन का बादशाह

22 पद पढ़ें और आशय लिखें।

जबहीं बन मुरली स्रवन।

चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं।।

कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।

स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं ।।

सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।

'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

23 मान ले 14 नवंबर को बालदिवस का आयोजन होने वाला है।इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें।

24 गद्यांश का अनुवाद करें:

Discipline is very essential for life.It is needed to build a sound family. It is equally necessary in maintaining peace and good relations in society. It is also important for a good relationship between Nations. So every child should form a disciplined habit. It will have a good effect on his future life.

[Discipline: अनुशासन, Essential: ज़रूरी, Habit: आदत, Sound Family: स्वस्थ परिवार, Maintain: बनाए रखना, Good Relationship: अच्छा संबंध]

25. सही मिलान करें।

Atmosphere	-	जीवाणु
Average	-	प्रमाणपत्र
Bacteria	-	ऊर्जा
Certificate	-	औसत
Energy	-	वायुमंडल
Percent	-	विषाणु
Virus	-	प्रतिशत

सूचना: 26 से 28 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। **(2x8=16)**

26 बाजार में एक नया तेल 'केशिनी' निकला है, जो बाल बढ़ने में सहायक है। उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

सहायक संकेत

- चार हफ्तों (weeks) में बाल लंबा
- औषधीय गुणवाला
- कीमत का सही फायदा

27 माँ से मुरकी की कथा सुनकर कुमार की आँखें भर आई। वह उस दिन की डायरी लिखता है। वह डायरी तैयार करें।

28 विश्व भाषा के रूप में हिंदी के प्रचार - प्रसार विषय पर भाषण तैयार करें।

Prepared by

Anusha T V	**GHSS Vadanappilly**
Lekha K D	**AMHSS Chemmanur**
Sindhu I S	**VRAMMHSS Thaikkad**
Sajitha K C	**GHSS Kadavallur**
Alphonsa M P	**Assissi EMHSS Thalakkottukara**
Ganga Devi K A	**St Annes GHSS Edathiruthy**
Raby Nazeer C K	**Concord EHSS Chiramanengad**